उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आई0टी0आई0 परिसर अलीगंज, लखनऊ

संख्याः 1413 / UPSDM / 2020–21 / का.आ. / 1656

दिनांक : सितम्बर, 2021

कार्यालय ज्ञाप

विषयः उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित प्रस्तुत योजनाओं में प्रशिक्षकों का टीओटी प्रमाण पत्र धारक होने की अनिवार्यता के सम्बन्ध में।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों का टीओटी प्रमाण पत्र धारक होना अनिवार्य है। उक्त आशय का कार्यालय ज्ञाप संख्याः 1061 / उ0प्र0कौ0वि0मि0 / 2019–20 / सीडीएसी / विविध / 199 दिनांक 22.04.2019 तथा कार्यालय ज्ञाप संख्याः 2785 / उ0प्र0कौ0वि0मि0 / 2019–20 / 1095 दिनांक 01.11.2019 भी पूर्व में निर्गत किया जा चुका है तथा मिशन व प्रशिक्षण प्रदाताओं के मध्य हस्ताक्षरित अनुबंध में भी उक्त प्राविधान स्पष्ट रूप से निम्नानुसार उल्लिखित हैः–

" The PTP shall employ qualified and experienced Personnel. The Trainer shall have taken TOT from the respective Sector Skill Council or any other authorized body. "

प्रशिक्षकों के टीओटी प्रमाण पत्र की मान्यता के सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि सेक्टर स्किल काउंसिल अथवा एनसीवीईटी द्वारा अनुमोदित अर्वाडिंग बॉडी द्वारा प्रशिक्षकों के प्रशिक्षणोपरांत प्रदान किये गये टीओटी प्रमाण पत्र ही मान्य व स्वीकार्य होंगे।

जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों के अनुमोदन के समय उपर्युक्तानुसार वर्णित सक्षम स्तर से निर्गत किये गये टीओटी प्रमाण पत्रों को सुनिश्चित किया जाएगा तथा टीओटी प्रमाण पत्रों की वैधता अवधि का भी परीक्षण किया जाएगा। वैधता अवधि समाप्त होने के पश्चात् सम्बन्धित टीओटी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

कृपया उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

8/9/21

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक

संख्याः / UPSDM / 2020–21 / का.आ. / 1656 **तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त प्रकोष्ठ, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
2. प्रबंधक, आई.टी. उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
3. समस्त जिला समन्वयक एवं एमआईएस मैनेजर डी.पी.एम.यू., उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
4. समस्त आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
5. कार्यालयादेश पंजिका।
6. गार्ड फाइल।

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक